बिहार सरकार
गन्ना उद्योग विभाग

का०आ०–01 / स्था०राज–268 / 2023 2031 पटना, दिनांक– 22 अक्टूबर, 2026

कार्यालय आदेश

श्रीराम सिंह, तत्कालीन ईख पदाधिकारी, रामनगर अंचल, बेतिया–सम्प्रति ईख पदाधिकारी, मोतिहारी के पत्रांक–583 दिनांक–20.06.2026 के द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाले सिविल सेवा परीक्षा की 72वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मलित होने हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का संकल्प संख्या–22218 दिनांक–12.12.2022 के कंडिका–7(क) में प्रावधान किया गया है कि बिहार सरकार के सरकारी सेवकों को सेवा में आने के उपरांत उनकी पूरी सेवा अवधि में प्रत्येक आयोग (बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार तकनीकि सेवा आयोग, बिहार कर्मचारी चयन आयोग आदि) द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अलग–अलग अधिकतम कुल–5 (पाँच) अवसर ही अनुमान्य होंगे।

ईख पदाधिकारी, मोतिहारी के पत्रांक–328 दिनांक–24.07.2026 के द्वारा सूचित किया गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग का संकल्प संख्या–22218 दिनांक–12.12.2022 के आलोक में श्रीराम सिंह 03(तीन) बार (68वीं, 69वीं एवं 70वीं) परीक्षा में शामिल हो चुके हैं।

अतएव सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का संकल्प संख्या–22218 दिनांक–12.10.2022 के कंडिका–7(क) में सन्निहित प्रावधान के आलोक में श्रीराम सिंह, ईख पदाधिकारी, मोतिहारी को 72वीं बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल होने हेतु अनुमति प्रदान की जाती है।

2. उपर्युक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

नवनीत 16.10.2026

(नवनीत कुमार दूबे)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–01 / स्था०राज–268 / 2023 2031 पटना, दिनांक– 22 अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपिः– श्रीराम सिंह, ईख पदाधिकारी, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

नवनीत 16.10.2026

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–01 / स्था०राज–268 / 2023 2031 पटना, दिनांक– 22 अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपिः– सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव / ईखायुक्त, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

नवनीत 16.10.2026

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–01 / स्था०राज–268 / 2023 2031 पटना, दिनांक– 22 अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपिः– आई०टी० प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

नवनीत 16.10.2026

सरकार के अवर सचिव।